# जे एस हिन्दू पी जी कॉलेज अमरोहा के प्राचार्य प्रोफेसर डा० वीर वीरेंद्र सिंह के प्रयास से उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित कर रहा है

## प्राचार्य की पहल रंग लाई, विद्यार्थी हो रहे लाभान्वित





**राष्ट्रीय इत्तिफाक समाचार**

**अमरोहा।** जे.एस. हिंदू पीजी कॉलेज अमरोहा के प्राचार्य प्रोफेसर वीर वीरेंद्र सिंह की पहल अमरोहा में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अपना रंग दिखला रही है। उन्होंने वर्ष 2021 में महाविद्यालय में साहू जगदीशसरन स्टडी सेंटर के नाम से निःशुल्क कोचिंग की शुरूआत जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए की। जिसमें विशेषज्ञों की टीम विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराती है। यह टीम विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण नोट्स उपलब्ध कराने साथ-साथ अतिरिक्त कक्षाएं देकर तथा काउंसलिंग कर मार्गदर्शन करती है। कई प्रतियोगी परीक्षाओं में इस अध्ययन केंद्र के छात्र-छात्राएं चयनित होकर के महाविद्यालय और अमरोहा का नाम रोशन कर रहे हैं। एनटीए द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा(नेट-जेआरएफ) में इस बार भी कई विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है। स्टडी सेंटर के प्रभारी/कार्यक्रम समन्वयक ज्ञानेश कुमार वर्मा ने बताया की इस वर्ष दो विद्यार्थियों ने जेआरएफ तथा सात विद्यार्थियों के नेट परीक्षा उत्तीर्ण करने सूचना प्राप्त हुई है। इनमें सचिन कुमार ने इतिहास तथा गौरव कुमार गौतम ने समाजशास्त्र विषय में जेआरएफ उत्तीर्ण किया है। दिव्यांशी सिंह ने वाणिज्य में, जगदीप शर्मा और शीतल ने समाजशास्त्र में, मोहम्मद शरीफ और लालता प्रसाद यादव ने हिंदी में, चंदन यादव ने संस्कृत में तथा कमल नयन मिश्र ने राजनीति शास्त्र विषय में नेट परीक्षा उत्तीर्ण की है। इसके अतिरिक्त कई विद्यार्थियों ने पीएचडी प्रवेश की अर्हता परीक्षा भी पास की है। इनमें से कुछ विद्यार्थी महाविद्यालय में शोधकार्य भी कर रहे हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर वीर वीरेंद्र सिंह ने इन सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और अन्य विद्यार्थियों को उनका अनुकरण करने की प्रेरणा दी। साथ ही प्रोफेसर सिंह ने कहा प्रतिवर्ष हम अधिक से अधिक विद्यार्थियों को उनके बेहतर करियर बनाने में सहयोग के लिए प्रतिबद्ध हैं। साहू जगदीशसरन स्टडी सेंटर के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हेतु महाविद्यालय हर संभव सहयोग करता रहेगा।

# उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अपना रंग दिखा रहा साहू जगदीश सरन स्टडी सेंटर

**खास बात**

**जरूरतमंद विद्यार्थियों को समर्पित हैं साहू जगदीश सरन स्टडी सेंटर**

**आर्यावर्त केसरी ब्यूरो**

**अमरोहा।** जेएस हिंदू पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर वीर वीरेंद्र सिंह की पहल अमरोहा में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अपना रंग दिखला रही है। उन्होंने वर्ष 2021 में महाविद्यालय में साहू जगदीशसरन स्टडी सेंटर के नाम से निःशुल्क कोचिंग की शुरूआत जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए की। जिसमें विशेषज्ञों की टीम विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराती है। यह टीम विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण नोट्स उपलब्ध कराने साथ-साथ अतिरिक्त कक्षाएं देकर तथा काउंसलिंग कर मार्गदर्शन करती है। कई प्रतियोगी परीक्षाओं में इस अध्ययन केंद्र के छात्र-छात्राएं चयनित होकर के महाविद्यालय और अमरोहा का नाम रोशन कर रहे हैं। एनटीए द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट-जेआरएफ) में इस बार भी कई विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है।

स्टडी सेंटर के प्रभारी/कार्यक्रम समन्वयक ज्ञानेश कुमार वर्मा ने बताया कि इस वर्ष दो विद्यार्थियों ने जेआरएफ और सात विद्यार्थियों के नेट परीक्षा उत्तीर्ण करने सूचना प्राप्त हुई है। इनमें सचिन कुमार ने इतिहास तथा गौरव कुमार गौतम ने समाजशास्त्र विषय में जेआरएफ उत्तीर्ण किया है। दिव्यांश सिंह ने वाणिज्य में, जगदीप शर्मा और शीतल ने समाजशास्त्र में, मोहम्मद शरीफ और लालता प्रसाद यादव ने हिंदी में, चंदन यादव ने संस्कृत में तथा कमल नयन मिश्र ने राजनीति शास्त्र विषय में नेट परीक्षा उत्तीर्ण की है। इसके अतिरिक्त कई विद्यार्थियों ने पीएचडी प्रवेश की अर्हता परीक्षा भी पास की है। इनमें से कुछ विद्यार्थी महाविद्यालय में शोधकार्य भी कर रहे हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर वीर वीरेंद्र सिंह ने इन सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और अन्य विद्यार्थियों को उनका अनुकरण करने की प्रेरणा दी। साथ ही प्रोफेसर सिंह ने कहा कि प्रतिवर्ष हम अधिक से अधिक विद्यार्थियों को उनके बेहतर करियर बनाने में सहयोग के लिए प्रतिबद्ध हैं। साहू जगदीश सरन स्टडी सेंटर के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए महाविद्यालय हर संभव सहयोग करता रहेगा।

